## सार-समाचार

### निकायों में जल/स्वच्छता एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए हुआ संध्याकालीन शिविरों का आयोजन

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशों का पालन करते हुए एवं पीओ डूडा श्री अरुण पाठक के नेतृत्व में जिले की सभी 08 नगर पालिका/नगर परिषदों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सायं 06 बजे से संध्याकालीन वार्ड वार शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसमें जल से संबंधित समस्याओं की कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 08 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। सफाई से संबंधित 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 06 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा लाइट से संबंधित 03 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 01 शिकायत का त्वरित निराकरण किया गया। पीओ डूडा श्री अरुण पाठक द्वारा नगर परिषद धामनोद पहुंचकर शिविर का औचक निरीक्षण किया गया।

### नेहरू प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया स्मरण, दो मिनट का मौन रख अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**रतलाम।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत रत्न जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को रतलाम शहर कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सज्जन मिल रोड स्थित नेहरू प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेसजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने जवाहरलाल नेहरू अमर रहें तथा जब तक सूरज चांद रहेगा, नेहरू तेरा नाम रहेगा जैसे नारों के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री को याद किया।

इस अवसर पर रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने नेहरू जी के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थितजनों को संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर नेहरू जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

#### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कार्यक्रम में रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, पूर्व विधायक पारस सकलेचा, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, पार्षद कमरुद्दीन कछवाया, आशा रावत, नासिर कुरेशी, सलीम बागवान, राजीव रावत, प्रदीप राठौर, मेहमुद शेरानी, अमर सिंह शेखावत, रामचंद्र धाकड़, विजय उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह अठाना, जोएब आरिफ, डॉ. मुस्तफा महूवाला, बसंत पाड्या, हितेश पेमल, अनिल भटनागर, हरविंदर सिंह नांद्रा, रमेश पोरवाल, सोनू व्यास, असमतुल्लाह शेख, इक्का बेलूत, देवेंद्र सरदाना, दिलीप कोसर, शाकिर अंसारी, साबिर हुसैन, राजकुमार जैन, संदीप नागर, नीलेश शर्मा, भंवरलाल शर्मा, किशनलाल भानी गामा, इकरार चौधरी, एस.आर. बैरागी, हेमंत नेका, शाकिर खान, रोहित मीणा, विजय पंड्या, ओ.पी. त्रिपाठी, अनु नेकाड़ी, अकरम फारुकी, युसूफ शाह, वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### सायर चबुतरा से घांस बाजार तक की सड़क व नाले का होगा निर्माण



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 41 व 42 स्थित सायर चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क व नाले के निर्माण कार्य का भुमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, क्षेत्रिय पार्षद द्वय दिलीप गांधी, हितेश कामरेड तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि सायर



चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक की सड़क व नाले का निर्माण 1.52 करोड़ की लागत से किया जायेगा।

उन्होने कहा कि सायर चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक की सड़क व नाले निर्माण में आने वाले अतिक्रमण को हटाया जायेगा इस कार्य में रहवासी व व्यापारी नगर निगम को सहयोग करते हुए अपना अतिक्रमण स्वंय हटा लेवें। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है इस हेतु वे अपने घरो, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालें।

भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद पप्पू पुरोहित, अक्षय संघवी, धर्मेन्द्र व्यास, मनोहरलाल राजू सोनी, मोहम्मद सलीम बागवान, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, शक्तिसिंह राठौर, रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, हेमन्त राहोरी, करण वशिष्ठ, पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी, पूर्व पार्षद एहसाल लला खोखर के अलावा अलतेश नागोरी, इमरान खोखर, धर्मेन्द्र मण्डवारिया, नितेश तलेरा, हर्षित गांधी, संजय पालीवाल, अंकुर मालवीय, नासिर, चेतन पावेचा, आयुष परिहार, परवेज भाई सहित क्षेत्रिय नागरिक व व्यापारी उपस्थित थे।

# गाय का कटा सिर मिला, भड़के हिंदू संगठन : रतलाम में सड़क पर अवशेष रखकर चक्काजाम, बोले- पूरे अवशेष मिलने तक यहां से नहीं हटेंगे

**रतलाम।** जिले में गुरुवार को गाय का कटा सिर मिला है। शहर के सिविक सेंटर इलाके में अवशेष मिलने के बाद हिंदू संगठन भड़क गए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने गाय का कटा सिर लेकर सड़क पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारी गनी शक्तावत ने बताया- उन्हें सूचना मिली थी कि गौ माता के अवशेष मिले हैं, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद जो दृश्य सामने आया, उसने सभी को झकझोर दिया। यह सिर्फ अवशेष नहीं थे, बल्कि गाय के शरीर का आधा हिस्सा था। रतलाम में इस तरह की यह दूसरी घटना है। कार्यकर्ता तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

उन्होंने बताया- प्रशासन हर बार केवल आश्वासन देता है, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम सड़क से गायों को पकड़कर अवैध रूप से छोड़ देता है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।





### गौ रक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी

उन्होंने कहा- गौ रक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं को लगातार जान से मारने की धमकियां मिलती रहती हैं। गौ रक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं को लगातार डराया और धमकाया जा रहा है। जब तक गौमाता के पूरे अवशेष बरामद नहीं होंगे, तब तक हम यहां से नहीं हटेंगे। थाने में आवेदन देने के बाद भी पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करती।

### निगम कमिश्नर-अफसरों पर कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारी लोकेंद्र टॉकीज चौराहे से सैलाना बस स्टैंड की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें पुलिस ने बीच रास्ते में रोक लिया। इसके बाद कार्यकर्ता नगर निगम कमिश्नर को मौके पर बुलाने और निगम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दोबारा सड़क पर बैठ गए।

### मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला, पुलिस बल तैनात

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। प्रभारी सीएसपी अजय सारवान, एसडीओपी किशोर पाटन वाला, ट्रैफिक डीएसपी आनंद सोनी समेत शहर के चारों थाना का प्रभारी और पुलिस फोर्स मौजूद है।

एसडीएम आर्ची हरित सहित कई अधिकारी हालात को संभालने में जुटे रहे। स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि मिले अवशेषों की जांच कर पूरे मामले की पुष्टि की जा सके।

### जहां अवशेष मिले, वह नगर निगम की जमीन

जिस क्षेत्र में गाय के अवशेष मिले हैं, वह नगर निगम और निजी जमीन का हिस्सा बताया जा रहा है। यहां एक समुदाय विशेष के घुम्मड़/साठिया समुदाय के लोग अवैध रूप से झोपडियां बनाकर रहते हैं। हिंदू संगठनों ने इन्हीं लोगों पर घटना को लेकर आरोप लगाए हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब एक साल पहले भी इसी इलाके में ऐसा ही मामला सामने आया था। तब प्रशासन ने सात दिन के भीतर अवैध झोपडियां हटाने की बात कही थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### अपर कलेक्टर बोलीं- 7 दिन के भीतर सख्त कार्रवाई की जाएगी

अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि सात दिन के भीतर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जहां अवैध झोपडियां बनी हैं, उन्हें हटाने की बात भी कही गई।

# रतलाम शहर काजी बोले- कचरा सिर्फ गाड़ी में डालें : किसी को तकलीफ न हो; अकीदत से मनी बकरीद, अफसरों ने दी मुबारकबाद

**रतलाम।** शहर में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व अकीदत, अमन और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। लक्कड़पीठा स्थित पुरानी ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की विशेष दुआ मांगी। त्योहार को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों तक में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

लक्कड़पीठा स्थित पुरानी ईदगाह में मुख्य नमाज शहर काजी अहमद अली की मौजूदगी में अदा की गई। यहां नायब शहर काजी हाजी सैद अफरोज अली ने नमाज पढ़ाई और खुतबा पेश किया। इस दौरान ईदगाह



में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने कतारों में खड़े होकर सुकून से अल्लाह की इबादत की। शहर काजी की अपील- हमारी वजह से किसी को तकलीफ न हो

नमाज के बाद शहर काजी अहमद अली ने मुस्लिम समाज को भाईचारे और साफ-सफाई का सख्त संदेश दिया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप पूरी शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। इस बात का खास ख्याल रखें कि किसी को कोई तकलीफ न हो। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को इधर-उधर बिल्कुल न फेंकें। जब नगर पालिका की कचरा गाड़ी आए, तो सारा मटेरियल उसी में डालें। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि रास्तों पर खून न बहाएं, क्योंकि कुर्बानी के खून का एक-एक कतरा अल्लाह ताला की बारगाह में कुबूल होता है।

### सुरक्षा व्यवस्था के बीच अफसरों ने दी बधाई

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ईदगाह और प्रमुख मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शहर एसडीएम आर्ची हरित, तहसीलदार पिंकी साठे, तहसीलदार रामचंद्र पांडेय और प्रभारी सीएसपी अजय सारवान समेत अन्य अधिकारी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। नमाज के बाद शहर काजी ने इन सभी अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें भी बकरीद की मुबारकबाद दी।

## असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिलेगी 3000 रुपये मासिक पेंशन सुविधा

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में सभी पात्र कर्मचारियों के प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन करवाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएमएसवायएम) भारत सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे कर्मचारी पात्र होंगे जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम हो, जो आयकर दाता न हों तथा कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य कर्मचारी बीमा या राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्य न हों।

योजना के तहत हितग्राहियों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करना होगा।

हितग्राही द्वारा जमा की जाने वाली राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी जमा किया जाएगा।

योजना में शामिल हितग्राहियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3000 रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाएगी।

हितग्राही की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगी।

जिले के सभी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन कराया जाएगा ताकि उन्हें भविष्य में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त हो सके।

### मंत्री काश्यप ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद




**रतलाम।** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री चेतन्य काश्यप ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री श्री काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

## बिना परमीशन हो रहा था मसीही सम्मेलन : आदिवासी ग्रामीण बोले- बीमार थे, ठीक हुए तो प्रभु ईशु मसीह की प्रार्थना करने आए, 10 पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** होटल अजंता पैलेस में चल रहे मसीही आध्यात्मिक सम्मेलन 'जीवन दर्शन' को धर्मांतरण के आरोप और हंगामे के बाद बुधवार दोपहर निरस्त कर दिया गया। प्रशासन की अनदेखी के चलते यह आयोजन दूसरे दिन भी बिना अनुमति के चल रहा था। हंगामे के बाद पुलिस ने 10 पदाधिकारियों पर केस दर्ज किया है। वहीं, सम्मेलन में शामिल आदिवासियों ने धर्मांतरण की बात को सिरे से खारिज करते हुए मर्जी से आने की बात कही है। गांव रत्तागढखेड़ा निवासी जितेंद्र डिंडौर अपनी पत्नी मनीषा व बच्चे के साथ आए थे। जितेंद्र का कहना था हमारी कोई समस्या थी। प्रभु ईशु मसीह से हमारे जीवन में लाभ मिला। कोई भी धर्म मारना या चिल्लाना नहीं होता है। प्रभु ईशु मसीह हम सबको एक बंधन में बांध रहे है। बाहर बजरंग दल वाले क्या रहे थे। वह क्या धर्म बनाते हैं। वह केवल हंगामा कर रहे थे। ईशु मसीह सभी लोगों को प्रेम से जीना सिखाते है। ना कि कोई मजहब और नहीं लड़ाई झगड़े की बात बताते है। अपनी आत्मीयता व अपनी इच्छा से मानना प्रभु ईसु मसीह है। हम हमारी मर्जी से आए है। पत्नी मनीषा डिंडौर का कहना था कि हम बीमार थे ठीक हुए तो प्रभु ईशु मसीह की प्रार्थना करने आए है। प्रार्थना के पहले ही झगड़ा हो गया है। पिछले पांच साल से जुड़े है। बिना परमिशन आयोजन, 10 आयोजकों पर केस स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल और रतलाम पास्टर्स फेलोशिप द्वारा यह आयोजन बिना अनुमति किया जा रहा था। पुलिस ने आयोजक समिति के अध्यक्ष लालू स्टीफन, सचिव विनोई सहित जोश मैथ्यु, कुलदीप डेनियल, देवेंद्र गजधर, दीपक विलियम, शिवदयाल बिहारे, सत्या राव, आरसी पटेल और बृजेश पर धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज की है। वहीं, बजरंग दल के हेमंत सिंह की शिकायत पर अपार बेदी पर धमकाने का मामला भी दर्ज किया गया है।

# नकली खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई बेंचने वालों पर होगी कार्यवाही

**रतलाम।** म.प्र. शासन के दिशा निर्देशानुसार गुण नियंत्रण सघन अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में विकासखण्डवार गठित निरीक्षक दल द्वारा 28 मई को खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं की फर्मों का विकासखण्ड सैलाना में सचिन कृषि सेवा केन्द्र सरवन, अरूण कृषि सेवा केन्द्र सरवन तथा महेश कृषि सेवा केन्द्र सैलाना का औचक निरीक्षण कर पी.ओ.एस. मशीन स्टॉक का मिलान ई विकास प्रणाली के ई-उर्वरक एप्प से किया गया। निरीक्षण के समय सचिन कृषि सेवा केन्द्र सरवन फर्म बंद पाई गई, उक्त फर्म पर स्थानीय कृषक सुल्तान सिंह निवासी पाटडी द्वारा ई-टोकन लेकर खाद लेने दुकान पर पहुंचे तो फर्म संचालक बिना पूर्व सूचना के दुकान बंद कर चले गए। उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सैलाना यादवेन्द्र सिंह निनामा द्वारा फर्म सचिन कृषि सेवा केन्द्र को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। उप संचालक कृषि आर.के.सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की पुनरावृति जिले में कहीं भी होती है तो नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। सांथ ही सैलाना के 3 उर्वरक फर्मों से 3 नमूने लिए गए। विकासखण्ड जावरा के निरीक्षण दल द्वारा फर्म धामेडी एग्रो सॉल्यूशन जावरा, जय श्याम कृषि सेवा केन्द्र जावरा तथा राठौर कृषि सेवा केन्द्र जावरा का निरीक्षण कर उर्वरकों के 4 नमूने लिए गए। विकासखण्ड रतलाम के निरीक्षण दल द्वारा फर्म नाकोडा ट्रेडर्स



बांगरोद, जय किसान फर्टिलाईजर्स धराड का निरीक्षण कर उर्वरकों के 6 नमूने लिए गए। विकासखण्ड आलोट के निरीक्षण दल द्वारा फर्मो का निरीक्षण कर उर्वरकों के 10 नमूने लिए जाकर विभिन्न प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भेजे गये है। उक्त नमूने प्रयोगशाला की जांच में यदि कोई नमूना अमानक पाया जाता है तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध अधिनियम के अनुसार सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी। विकासखण्ड सैलाना में निरीक्षण के समय उप संचालक कृषि श्री आर.के.सिंह, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सैलाना नानसिंह मण्डलोई, उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सैलाना यादवेन्द्र सिंह निनामा तथा विकासखण्ड रतलाम में सहायक संचालक कृषि भीका वास्के, निरीक्षक श्री के.एस.वसुनिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बालचंद्र डोडियार, विकासखण्ड जावरा में अनुविभागीय अधिकारी कृषि जावरा सोहन सिंह राठौर, निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जावरा के.आर.खेड़े, कृषि विस्तार अधिकारी इंदरसिंह भयडिया तथा विकासखण्ड आलोट में उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आलोट नीतेश सागित्रा, कृषि विस्तार अधिकारी रामचंद निनामा, पवन परमार उपस्थित थे। उप संचालक कृषि आर.के.सिंह ने जिले के किसान भाईयों से अपील की है कि जिले में खरीफ फसलों के लिए कपास, मक्का, अरहर, सोयाबीन एवं उडद आदि के बीजों का भण्डारण एवं विक्रय का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा इस वर्ष कपास बीज के पैकेट की दरें निर्धारित कर दी गई है, जिसमें कपास बीजी-1 के 475 ग्राम प्रति पैकेट की कीमत 635 रू. कपास बीजी-2 के 475 ग्राम प्रति पैकेट की कीमत 901रू. है। किसान भाई पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और खरीदे गये बीज का पक्का बिल अवश्य ले। बिल पर बीज की किस्म, कपंनी का नाम, बैच नंबर या लॉट नंबर, बीज उत्पादन अंतिम तिथि, दर तथा मात्रा स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए। मौसम की अनिश्चितताओं को देखते हुए किसान भाई खेत में एक ही फसल या एक ही किस्म लगाने की भूल ना करें।